हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 जून 2026

04 समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाले मूंग की फसल...



07 घर-घर पहुंचे भगवान, जैन समाज में खुशी की लहर...





## खबर संक्षेप

### 2.71 लाख महिलाओं को आज मिलेंगे 40 करोड़

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जून को सागर जिले के केसली से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत मई 2026 की सहायता राशि का अंतरण करेंगे। इस दौरान विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 419 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में लगभग 40 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से जमा किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले की सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों की लाभार्थी महिलाएं योजना से लाभान्वित होंगी।

### कृषि मंडी में तौल कांटा सत्यापन शिविर संपन्न व्यापारियों को दिए निर्देश

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी परिसर में शनिवार को नापतोल विभाग द्वारा तौल कांटा सत्यापन शिविर आयोजित किया गया। जिला निरीक्षक राजीव पांडे की उपस्थिति में व्यापारियों के तौल कांटों का सत्यापन किया गया। विभाग ने व्यापारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने तौल उपकरणों का पुनः सत्यापन कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि सत्यापन नहीं कराने वालों के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। शिविर में तौल कांटा सुधारक अभिषेक चतुर्वेदी एवं दीपक नेमा ने उपकरणों की तकनीकी समस्याओं का समाधान किया। साथ ही व्यापारियों को सही माप-तौल और नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

### शिविर में दिव्यांगजनों की समस्याओं पर मंथन

**विदिशा।** जिला न्यायालय के वीसी रूम में शनिवार को श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए अनुगूंज राज्य स्तरीय कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शेख सलीम ने किया। शिविर में दिव्यांगजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, संवैधानिक अधिकारों, शासकीय योजनाओं तथा विशेष मोबाइल एप की जानकारी दी गई। संवाद सत्र में प्रतिभागियों ने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, साइन लैंग्वेज अनुवादकों की कमी और सामाजिक भेदभाव जैसी समस्याएं उठाईं।

### कामरेड माधोसिंह के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**विदिशा।** नगर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, साहित्य एवं संस्कृति प्रेमी स्वर्गीय कामरेड माधोसिंह के निधन पर पं. गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास के पदाधिकारी उनके निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। न्यास अध्यक्ष डॉ. विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। डॉ. सिंह ने कहा कि माधोसिंह जी साहित्य, कला और सामाजिक गतिविधियों के सच्चे संरक्षक थे। इतिहासकार गोविंद देवलिया ने उन्हें सरल, आत्मीय और सहयोगी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि नगर की साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में उनका सहयोग सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा।

## तेज आंधी के साथ के साथ हुई झमाझम बारिश, ढाई घंटे गुल रही बिजली



मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। पिछले दो दिनों से शाम होते ही मौसम बदल रहा है और बारिश हो रही है। हालांकि अभी मानसून आने में समय है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून का सक्रिय होना शुरू हो गया है कि इसलिए बारिश हो रही है। 15 जून के बाद मानसूनी बारिश शुरू हो जाएगी।

**आंधी और बारिश के कारण शाम 7 बजे गुल हुई बिजली रात 9 बजे आई।**

**विदिशा।** शाम 6 :30 बजे अचानक से मौसम बदला और आधे घंटे तेज हवा और आंधी के साथ जोरदार बारिश होने से मौसम में ठंडक घुल गई।

### डायल 112 बनी प्रसूता की जीवनरक्षक, डॉक्टर विहीन हैदरगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पर उठे सवाल

**हैदरगढ़।** ग्राम कोलुआ जागीर में प्रसव पीड़ा से जूझ रही 24 वर्षीय नेहा शाक्य को शुक्रवार देर रात घर पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस को बार-बार कॉल करने के बावजूद कोई सहायता नहीं पहुंची। स्थिति गंभीर होने पर डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस टीम के सउनि घनश्याम शास्ता, आरक्षक रूपेश कुर्मी और पायलट आशीष यादव ने तत्काल पहुंचकर जच्चा-बच्चा को पीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि 84 गांवों की स्वास्थ्य जरूरतें संभालने वाला हैदरगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र महीनों से डॉक्टर विहीन है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है।

## हादसे की सूचना देने वाले युवक के लटेरी में आते ही कांस्टेबल ने पीटा

### हाथों से लड़के को गले को फंसाकर खींचते ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के लटेरी में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाला एक मामला सामने आया है। यहां सड़क हादसे की सूचना देने वाले एक युवक के साथ कथित तौर पर दो पुलिसकर्मियों ने मारपीट की।


घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में है और पीड़ित की शिकायत पर दो आरक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार लटेरी के पास एक टैंकर घाटी में पलट गया था। वहां से गुजर रहे अजय तोमर ने इस हादसे की सूचना एक पेट्रोल पंप पर दी और आगे बढ़ गए। अजय तोमर के मुताबिक, बाद में जब वह सिरोंज चौराहे पर बनी पुलिस चौकी पर पानी पीने के लिए रुके, तो कार से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि कार से उतरे दो आरक्षकों ने उनके साथ मारपीट की।

#### पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की

पीड़ित अजय तोमर ने बताया कि घटना के बाद वह शिकायत दर्ज कराने लटेरी थाने पहुंचे, जहां करीब दो घंटे बाद उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई। अजय ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे। उन्होंने एसडीओपी से पुलिसकर्मियों का मेडिकल कराने की मांग की, लेकिन उनका मेडिकल नहीं कराया गया। जबकि पुलिस ने अजय का मेडिकल कराया। अजय के अनुसार मारपीट करने वाले आरक्षकों के नाम लक्की तोमर और रामेश्वर हैं, जबकि राजेश नामक व्यक्ति ने उन्हें बचाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद दो आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लटेरी एसडीओपी ने कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

### भाजपा कार्यालय में तैयारियों को लेकर हुई बैठक, कार्यकर्ताओं से सहभागिता की अपील

# आज बेरखेड़ी जैतू में कृषि विज्ञान केंद्र का भूमिपूजन करेंगे शिवराज सिंह चौहान




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवरावज सिंह चौहान आज रविवार सुबह 10 बजे बेरखेड़ी जैतू पहुंचेंगे।



प्रस्तावित दौरे के तहत धनोरा-बेरखेड़ी क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के भूमिपूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में दुर्गानगर, बेसनगर, वेत्रवती नगर एवं अहमदपुर मंडल की संयुक्त कामकाजी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक व्यवस्थाओं तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में बेरखेड़ी जैतू में कृषि विज्ञान केंद्र का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिससे कृषि अनुसंधान, तकनीकी मार्गदर्शन एवं आधुनिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। विधायक श्री टंडन ने सभी मंडलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और सभी के सामूहिक प्रयासों से यह कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक रूप लेगा।

बैठक में खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष राकेश जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, भाजपा जिला महामंत्री अनिल सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश चौकसे, संतोष शर्मा, सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वेत्रवती नगर मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, अहमदपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर किरार, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

#### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आएंगे

विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल सहित प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज रविवार को विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा का प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार आज रविवार की सुबह 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 11 बजे विदिशा के ग्राम बेरखेड़ी जैतू में आयोजित कृषि विज्ञान केन्द्र का भूमिपूजन एवं खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ सम्मिलित होंगे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा उपरोक्त कार्यक्रम के पश्चात भोपाल के लिए रवाना होंगे। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों सहित कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## मेंटेनेंस के कारण 15 जून तक ई-विकास पोर्टल सेवाएं बंद रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एमपी फार्मर रजिस्ट्री के डेटाबेस मेंटेनेंस कार्य के कारण ई-विकास पोर्टल पर एग्रीस्टैक आधारित भूमि संबंधी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

जारी सूचना के अनुसार 13 जून दोपहर 12 बजे से 15 जून सुबह 8 बजे तक भूमि जानकारी, पंजीयन एवं अन्य एग्रीस्टैक आधारित ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। यह व्यवधान तकनीकी उन्नयन और डेटाबेस रखरखाव के लिए किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सेवाएं अधिक सुरक्षित और प्रभावी बन सकें। किसानों, लोक सेवा केंद्रों, राजस्व अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों से अपील की गई है कि वे अपने कार्य निर्धारित समयावधि को ध्यान में रखकर करें। मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद सभी सेवाएं पूर्ववत शुरू कर दी जाएंगी।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आज होगा ऑनलाइन योग

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः अधिकतम सहभागिता की अपील

**आज सुबह 6:15 से 7:35 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम, मिस्ड कॉल से होगा पंजीयन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आज रविवार को एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से एक साथ सर्वाधिक लोगों की ऑनलाइन सहभागिता दर्ज कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

आयुष संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित होने वाला यह योग सत्र प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ना है। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग ने जिले के नागरिकों, शासकीय कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और योग साधकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

#### व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सत्र का लिंक भेजा जाएगा

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। इसके बाद व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सत्र का लिंक भेजा जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक प्रतिभागी को अपने मोबाइल, लैपटॉप या अन्य डिजिटल डिवाइस से अलग-अलग लॉग-इन करना होगा, ताकि सहभागियों की संख्या का आधिकारिक सत्यापन किया जा सके। जिले के सभी विभागों, पंचायतों, नगरीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वयंसेवी संगठनों को अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि विदिशा जिला इस राष्ट्रीय अभियान में उल्लेखनीय योगदान देगा।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया है।

जतरापुरा निवासी पवन मराठा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई शुभम मराठा की रोहित मराठा ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी। फरियादी की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित मराठा (21) निवासी जतरापुरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। शहर में लगातार बढ़ रहीं इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय हैं।

## रुक्मणी विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु, भक्ति व प्रेम के संदेश से गुंजायमान हुआ कथा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम रिनिया भैरों बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का रसपान कर भावविभोर हो उठे। कथा व्यास पं. श्री अरविंद कृष्ण शास्त्री ने रुक्मणी विवाह की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि सच्चा प्रेम और अटूट श्रद्धा अंततः भगवान की कृपा का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना सर्वस्व मानकर उन्हें पत्र लिखा और जीवनसाथी के रूप में स्वीकार करने का संकल्प लिया।



भगवान ने भी भक्त की पुकार सुनते हुए रुक्मणी का हरण कर उनसे विधिवत विवाह किया। यह प्रसंग केवल विवाह का नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। कथा स्थल पर भजनों और संकीर्तन के बीच श्रद्धालु लगातार जयकारे लगाते रहे। आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन समिति ने बताया कि रविवार को कथा का समापन होगा, जिसके बाद विशाल प्रसादी वितरण किया जाएगा।

#### भक्ति के आगे झुकी हर बाधा

कथा व्यास ने कहा कि रुक्मणी विवाह का प्रसंग हमें यह शिक्षा देता है कि जब मन में अटूट विश्वास और भगवान के प्रति समर्पण होता है तो जीवन की बड़ी से बड़ी बाधा भी दूर हो जाती है। रुक्मणी की भक्ति और श्रीकृष्ण की कृपा सनातन संस्कृति में आदर्श प्रेम का प्रतीक है।

## कैंसर स्क्रीनिंग के बाद 30 मरीज भोपाल रवाना चिरायु हॉस्पिटल में होगा आगे का इलाज व जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिले में आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग शिविर के बाद मरीजों के इलाज की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को कैंसर की पुष्टि या संभावित लक्षण वाले 30 मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए भोपाल के चिरायु हॉस्पिटल भेजा गया। इन्हें बस द्वारा रवाना किया गया।

यह स्क्रीनिंग शिविर 6 और 7 जून को विदिशा के अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया था। इसमें मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल और एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों की जांच की थी। जांच के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मरीज सामने आए, जिनमें कैंसर के लक्षण या बीमारी की पुष्टि हुई थी। इन्हीं मरीजों में से पहले चरण में 30 लोगों को भोपाल भेजा गया है। चिरायु हॉस्पिटल में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल और चिरायु के डॉक्टरों की एक संयुक्त टीम मरीजों का इलाज और आगे की चिकित्सीय जांच करेगी। मरीजों के रहने, खाने और उपचार की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 140 मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, शिक्षा व सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेन समाज एवं दुर्गा प्रसाद स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के लगभग 140 मेधावी छात्र-छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजजनों का भी सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




समारोह में हरियाणा सरकार के केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षित और कुशल युवा शक्ति सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सेन भक्तिपीठ, जोधपुर के सैनाचार्य अचलानंद गिरि महाराज ने अपने आशीर्वचन में समाज को एकजुट रहने, शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया। महिला प्रतिनिधि क्षिप्रा सेन ने महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक सहभागिता और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं समाजसेवी सुनील काकरान ने सामाजिक एकता और युवा नेतृत्व के विकास पर जोर देते हुए युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक कमलेश सेन ने समाज को नेतृत्व और प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को अपने अधिकारों और भावी पीढ़ियों के हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करने होंगे।

## खबर संक्षेप

### आज इलाके में विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** प्रबंधक शहर म. प्र. मध्य क्षत्रे विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को 33 केव्ही



कंजना पठार औद्योगिक फीडर पर सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आवश्यक एलटी एक्सटेंशन मेंटेनेंस कार्य हेतु प्लान शटडाउन रहेगा। जिसके कारण उक्त फीडर से संयोजित समस्त कंजना पठार एवं नवीन मंडी क्षेत्र के उपभोक्ताओं का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। आवश्कता अनुसार समय बढ़ाया और घटाया जा सकता है।

### अपना ऑटो यूनियन ने दिया ज्ञापन




**गंजबासौदा।** शनिवार को अपना ऑटो यूनियन द्वारा आरपी एफ थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बैटरी ऑटो, ई रिक्शा के खिलाफ रेल्वे स्टेशन परिसर में प्रतिबन्ध करने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जैसे भोपाल रेल्वे परिसर और न ही विदिशा, बीना में ई रिक्शा लग रहे हैं फिर गंज बासौदा वालों के साथ ऐसा अन्याय क्यों हो रहा है। जब डीजल ऑटो, ऑटो स्टैंड पर ही खड़े रहते हैं जबकि रेल्वे के मुख्य द्वार पर ई रिक्शा एकत्रित हो जाते हैं जिससे यातायात में परेशानी होती है। इसकी शिकायत रेल्वे स्टेशन प्रबंधन एवं डीआरएम को भी कर चुके हैं जिसके बाद आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि रेल्वे स्टेशन परिसर में ई रिक्शा प्रतिबंधित नहीं होते हैं तो हम समस्त डीजल ऑटो चालक हड़ताल करने के लिए विवश होंगें एवं होने वाली असुविधाओं के लिए प्रसाशन जिम्मेदार रहेगा। समस्त डीजल ऑटो चालक बहुत परेशानियों का सामना कर रहे हैं एवं अपने परिवार का पालन पोषण सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं, हमारी स्थिति दयनीय हैं। डीजल ऑटो चालकों ने रेल्वे परिसर में ई रिक्शा को प्रतिबंधित किए जाने की मां की है।

### श्रमदान दल का सफाई अभियान आज

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 36 वां चरण रविवार को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर सुबह 7 बजे से 9.30 बजे आयोजित किया गया है। श्रमदान दल ने सभी नगरवासियों से आग्रह हैं कि बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जुड़े और नदियों जलाशयों की स्वच्छता के इस पावन कार्य में में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

# कार्रवाई की मांग को लेकर अहिरवार समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नगर के अहिरवार समाज संघ द्वारा शहर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि नगर पालिका में पदस्थ मृतक मुकेश अहिरवार द्वारा की गई आत्महत्या के बाद परिवार की सहायता के लिए प्रदान की गई, गुमटी में चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि समाज द्वारा मृतक मुकेश अहिरवार



के परिवार के भरण-पोषण हेतु एक गुमटी उपलब्ध कराई गई थी। आरोप है कि 12 जून की रात्रि लगभग 10:30 बजे वार्ड क्रमांक 4 के मणी भाई अहिरवार एवं नीलेश अहिरवार द्वारा गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा आलू, प्याज, लहसुन सहित अन्य सामान एवं तराजू-बांट चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 8 हजार रुपये बताई गई है। समाज के लोगों का कहना है कि चोरी के बाद आरोपितों ने गुमटी पर अपना ताला लगाकर उस पर अनाधिकृत रुप से कब्जा भी कर लिया। घटना का वीडियो भी मौजूद होने का दावा किया गया है, जिसमें ताला तोड़ने की पूरी घटना कैद होने की बात कही गई है। अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध शीघ्र वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह गुमटी एक जरूरतमंद परिवार की आजीविका का साधन थी, इसलिए चोरी और कब्जे की इस घटना से समाज में आक्रोश व्याप्त है। वहीं शनिवार को निशक्त गरीब, असहाय, वृद्ध आदि लोगों के लिए निशुल्क परामर्श केंद्र का शुभारंभ किया गया। ज्ञात होगी नगर पालिका परिषद में कुछ समय पूर्व ड्राइवर मुकेश अहिरवार ने आत्महत्या कर ली थी। उस समय अहिरवार समाज के लोगों ने चंदा कर एक गुमटी का निर्माण कराकर गुमठी मृतक मुकेश अहिरवार की पत्नी को दे दी गई थी।

## पिछले वर्ष 2592 हैक्टेयर में हुई थी बोवनी, इस बार मात्र 1500 हैक्टर रह गई

# समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाले मूंग की फसल का रकबा हुआ कम


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गर्मी के समय क्षेत्र भर में किसानों द्वारा बोई गई मूंग की फसल का इस बार रकवा कई हैक्टेयर घट गया है क्योंकि इस बार शासन के आदेशानुसार पटवारी किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों की जांच करेंगे कि उक्त किसान द्वारा फसल उगाई है या नहीं उसके बाद पटवारी उक्त किसान की फसल कागजों में चढ़ाते हैं। किसानों के कागजों में चढ़ने के बाद उसके बाद किसान कि मूंग का पंजीयन करा सकेंगे। लेकिन अभी भी कुछ किसानों के पटवारी द्वारा खेतों के सर्वे नहीं होने से किसान पंजीयन नहीं करा पा रहे पा रहे हैं।

भीषण गर्मी के चलते इस बार मूंग की बोवनी पर अच्छा खासा असर दिखाई दिया है, कई जगह पटवारियों की अनदेखी से



किसान बहुत परेशान हो रहे हैं अभी भी कुछ किसानों का पटवारी के निरीक्षण के चक्कर में उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इस बर्ष किसानों द्वारा शनिवार तक करीब 795 किसान ही पंजीयन करा सके क्योंकि लेट लतीफी और कम उपज तुलने से किसानों का रुझान इस बार ज्यादा नहीं दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष बासौदा ब्लॉक अंतर्गत करीब 2594 हैक्टेयर में मूंग की बोवनी हुई थी, जिसमें 1242 किसानों में से मात्र 682 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज तुलवाई गई थी। जिसमें लगभग 11482 क्विंटल मूंग की



तुलाई हुई थी। उधर कृषि विभाग के एसडीओ सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने बताया है कि इस बार पछली बार की तुलना में मूंग का रकवा काफी घट गया है पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार मूंग का रकवा घटा है। इस बार लगभग 1500 हैक्टेयर मूंग का रकबा रहने की संभावना है।

**इनका कहना है...**

*क्रॉप कटिंग के आधार पर शासन द्वारा किसानों की मूंग फसल की खरीदी जाती है।*

*सूर्यभान सिंह थानेश्वर*
*एसडीओ कृषि विभाग*
*गंजबासौदा*

# पुरानी रंजिश के चलते बुलेट से पीछे से मारी टक्कर, चालक हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुरानी रंजिश के चलते एक बाइक चालक को बुलेट से पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिससे बाइक चालक देवेंद्र अहिरवार बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसकी शिकायत घायल ने त्योंदा पुलिस थाने में दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक अहिरवार निवासी सिरनोटा अपनी बाइक से गांव जा रहा था। तभी रास्ते में फैजल खान निवासी दिघौरा एवं आमिर खान ने बुलेट से पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दीपक अहिरवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया और उसको गंभीर चोट लगी। जिसे 112 दल ने उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायल दीपक अहिरवार ने बताया कि उसकी आरोपियों से पुरानी रंजिश चल रही है। जिन्होंने चलते पीछे से बुलेट से टक्कर मारकर जान से मारने की कोशिश की गई।

# जीवन को सफल बनाना है तो भगवान से जुड़ें, संसार से नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मनुष्य जन्म अनमोल है और इसका उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं जुटाना नहीं, बल्कि ईश्वर की भक्ति के माध्यम से आत्मकल्याण करना है। संसार की सभी वस्तुएं नश्वर हैं, लेकिन भगवान का नाम और भक्ति ही शाश्वत है। जो व्यक्ति अपने जीवन में प्रभु स्मरण को स्थान देता है, उसका जीवन स्वतः ही सुख, शांति और संतोष से भर जाता है। उक्त उद्गार वेत्रवती घाट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित पुरुषोत्तम मास कथा महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को पुरुषोत्तम मास की महिमा, भक्ति की शक्ति और मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर आधारित प्रेरक प्रसंगों का श्रवण कराया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान का गुणगान किया। कथा के दौरान कथावाचक डॉ. शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि यह मास भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित है। इस अवधि में किया गया जप, तप, दान, व्रत, सत्संग और कथा श्रवण अनेक गुना फल प्रदान करता है। भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए बाहरी आडंबरों की नहीं, बल्कि निर्मल हृदय और सच्ची श्रद्धा की आवश्यकता होती है। डॉ. शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक उपलब्धियों के पीछे भागते-भागते मानसिक अशांति का शिकार हो रहा है। ऐसे में सत्संग और कथा जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का एक माध्यम है, जहां व्यक्ति अपने कर्तव्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों को समझता है। उन्होंने अनेक पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जब-जब भक्त ने सच्चे मन से भगवान को पुकारा है, तब-तब प्रभु ने उसकी सहायता की है। इसलिए विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य को धैर्य, विश्वास और भक्ति का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। डॉ. शास्त्री ने सेवा और दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म का वास्तविक स्वरूप केवल पूजा तक सीमित नहीं है। भूखे को भोजन, असहाय की सहायता, गौसेवा और मानव सेवा भी ईश्वर भक्ति का ही स्वरूप है। पुरुषोत्तम मास हमें अपने भीतर करुणा, दया और परोपकार की भावना विकसित करने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोष से नौलखी आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा पुरुषोत्तम मास के दौरान नियमित रूप से जप, तप और सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

### केबल लाइन बिछाने के दौरान नपा की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 में गत दिवस सुबह पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीएसएनएल कंपनी द्वारा केबल लाइन बिछाने के कार्य के दौरान नपा की मुख्य जल पाइपलाइन वंश होटल के सामने क्षतिग्रस्त हो गई थी।

# युवा वैज्ञानिक डॉ. श्रीवास्तव को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

फार्मास्यूटिकल्स अनुसंधान एवं ड्रग डिलीवरी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नगर के युवा फार्मास्यूटिकल्स वैज्ञानिक डॉ. प्रभात श्रीवास्तव को हैदराबाद में आयोजित FDD Conclav-2026 के दौरान प्रतिष्ठित FDD Leadership Rising Stars Award से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें फार्मास्यूटिकल्स फार्मूलेशन डेवलपमेंट एवं ड्रग डिलिवरी क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय शोध नवाचार और वैज्ञानिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मेलन की चयन समिति द्वारा डॉ. प्रभात के विभिन्न शोध कार्यों, पेटेंट, वैज्ञानिक पुस्तकों, शोधपत्रों एवं नवीन औषधि उत्पादों के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका का मूल्यांकन किया गया। उनके कार्यों को क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता सुधार को श्रेष्ठ मानते हुए सम्मानित किया गया।




डॉ. प्रभात ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता स्व. निर्मला श्रीवास्तव, तेजनारायण श्रीवास्तव परिवारजन तथा सभी गुरुजनों, मार्गदर्शकों को दिया है। डॉ. प्रभात श्रीवास्तव की इस उपलब्धी पर इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. प्रभात ने IIT-BHU से पीएचडी पूरी की है और वर्तमान में पिरामल फार्मा कंपनी में एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि FDD Conclave देश के प्रमुख फार्मास्यूटिकल्स अनुसंधान एवं ड्रग डिलीवरी मंचों में से एक माना जाता है जहाँ देशभर के विशेषज्ञ और वैज्ञानिक अपने शोध और अनुभव साझा करते हैं।

# किसान संघ की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें नकली खाद बीज एवं कीटनाशक एवं ई-टोकन संबंधित मुख्य विषय रहे। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी ने की तथा संचालन तहसील सहमंत्री जसवंत सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रांत मंत्री दिनेश बाबू दुबे एवं जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला मंत्री महेन्द्र सिंह रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर माथुर एवं तहसील कार्यकारिणी सदस्य जसवंत सिंह रघुवंशी, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, महेश साहू, लोकेन्द्र सिंह रघुवंशी, केदार सिंह राजपूत, किशोरी लाल दांगी उपस्थित रहे।

## जन शिक्षा केंद्र नौघई में नवीन जनशिक्षक की नियुक्ति की गई

# शिक्षक और शिक्षा विकसित भारत की मजबूत बुनियाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक व अन्य गतिविधियो को व्यवस्थित संचालन के लिऐ जन शिक्षा केंद्र नौघई मे नवीन जनशिक्षक की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर नवीन जनशिक्षक समीर याज्ञनिक का स्वागत व पूर्व जनशिक्षक वीरेंद्र दिवाकर का विदाई समारोह शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गाँधी चौक में आयोजित किया गया। आयोजन में संकुल प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति ने कहा शिक्षक और शिक्षा देश के भविष्य और विकसित भारत के निर्माण की सबसे मजबूत बुनियाद हैं। वे शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय छात्र के समग्र विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का जरिया बनाते हैं। मेरा मानना है कि मां जन्म देती है, लेकिन गुरु जीवन देता है। भारत की गुरु-शिष्य परंपरा देश की बहुत बड़ी ताकत है। जन शिक्षा केंद्र नौघई प्राचार्य ओमप्रकाश रघुवंशी ने कहा शिक्षक केवल वर्तमान को ही नहीं सुधारते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को गढ़कर देश का भविष्य उज्ज्वल बनाते हैं। यह समर्पण भी एक प्रकार की देश सेवा है। विकास खंड योग प्रभारी सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा हम शिक्षकों से लगातार अपील करते हैं कि वे आधुनिक तकनीक के साथ गौरवशाली इतिहास प्राचीन भारत की शैक्षणिक विधियों का भी इस्तेमाल शिक्षण सेवाओं में करें जैसै योग शिक्षा व आयुर्वेद, नवीनतम बदलावों से अपडेट रहें ताकि छात्रों को डिजिटल युग के लिए तैयार कर सकें। लेकिन अपना गौरवपूर्ण इतिहास से भी बच्चों को जोडे, शाला में प्रतिदिन योग अनिवार्य रूप से कराएं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव, अविनाश कटारिया, कमलेश ने कहा कि परीक्षा में अंक लाना अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल दोनों का विकास करे। प्रधानाध्यापक संजीव रघुवंशी , विनोद श्रीवास्तव, अजाक्स जिलाध्यक्ष लंपूराम अहिरवार ने बताया जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए डिजिटल और आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र के प्राचार्य व प्रधानाध्यापको ने जनशिक्षक वीरेंद्र दिवाकर, समीर याज्ञनिक का शाल, श्रीफल से स्वागत कर नीलकंठेशवर मंदिर की तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र नामदेव ने जबकि आभार सुषमा राठौर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकृष्ण रघुवंशी, मनोज पुरोहित, दीपक नामदेव, मनोहर लाल दुबे, सैयद लियाकत अली, मुशीलाल अहिरवार, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाह, सीताराम पंथी, बाबूलाल अहिरवार आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय चश्मा दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अंधत्व निवारण के लिए कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय चश्मा दिवस के अंतर्गत विभिन्न गांव में स्वर्गीय नारायण सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से चश्मा का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि राष्ट्रीय चश्मा दिवस जून माह में मनाया जाता है और इसका पखवाड़ा माना जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र परीक्षण कर उनको चश्मा का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर कैंप प्रभारी जीतू पाठक, डाल सिंह जादौन, घनश्याम बघेल, पवन भोई सहित डॉक्टर राजकरण वर्मा, धर्मेंद्र सहित अनेक लोगों ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहा है। यहाँ उल्लेखनीय है की सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी विगत 60 वर्षों से लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में अंधत्व निवारण के अंतर्गत सराहनी य एवं उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय चश्मा दिवस के पखवाड़े के तहत सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि आगामी दिनों में लगातार चश्मा का वितरण किया जाएगा। जिसमें सामाजिक संगठनों का भी सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान भगवान दास साहू, गणेश राम रघुवंशी, डॉक्टर ए के जैन ने पहले भी अपने स्वयं के व्यय पर चश्मा का निशुल्क वितरण सतगुरु ट्रस्ट के विज़न सेंटर क़े माध्यम से किया था।

**न्यायालय :- श्रीमती पूजा गोले तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गंजबासौदा तहसील , गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.**

प्रो. क्रमांक 1965/2026
गंजबासौदा दिनांक. 30/05/26
प्र. कं0 11/2026/MJC-SUC
-: उपस्थित होने वास्ते नोटिस :-

1. यशवंत अहिरवार..................आवेदक
बनाम
1. प्रीती गुमान आदि एवं सर्वसाधारण .............अनावेदकगण

**बनाम :- सर्वसाधारण**
सूचित किया जाता है कि आवेदक एवं अनावेदकगण क्रमांक 1 व 2 श्रीमती गंगाबाई अहिरवार पत्नि स्व० भगवतनारायण अहिरवार के पुत्र और पुत्री होकर उनके विधिक एवं नैसर्गिक उत्तराधिकारी है, इसके अलावा उनका अन्य कोई भी विधिक उत्तराधिकारी नही है। आवेदक के पिता एवं गंगाबाई अहिरवार के पति स्व० भगवतनारायण अहिरवार का पूर्व में देहांत हो चुका है। आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 1 व 2 की माता गंगाबाई अहिरवार की मृत्यु दिनांक 10/02/2025 को हो गई है। गंगाबाई के नाम से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा सावरकर चौक गंजबासौदा जिला विदिशा में खाता क्रमांक 675015004859 में राशि 9,17,260/- रुपए जमा है। आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 1 व 2 उपरोक्त खाते में जमा राशि में से 1/3-1/3 समान भाग राशि पाने के विधिक उत्तराधिकारी है। आवेदक ने उक्त राशि प्राप्त करने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र को प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 29/06/2026 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 29/06/2026 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालय में किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई में लिया जावेगा।
आज दिनांक 30/5/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**श्रीमती पूजा गोले**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील गंजबाला विदिशा म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### शहर में वर्षाजल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया

**सागर।** सागर शहर में मानसून आने से पहले समस्त नाले-नालियों की सघन सफाई का अभियान निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। निगमायुक्त ने नगर निगम की टीम के साथ शहर का निरीक्षण किया और वर्षाजल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कटरा सहित शहर के विभिन्न वार्डों में बने स्टार्म वॉटर एंड ड्रेनेज सिस्टम सहित नालों की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्मार्ट सिटी एवं नगर पालिक निगम के माध्यम से निर्मित पक्के नालों सहित शहर की सभी नालियों से खरपतवार पौधे, सिल्ट, कचरा आदि पूरी तरह से निकाल कर हटाने के निर्देष दिये। साबूलाल मार्केट कटरा के पास बने नाले के चैम्बरों के ढक्कन व जाली आदि को दुरूस्त कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की शहर के सभी चैम्बरों की नियमित सफाई करें इससे ढकी हुई नालियों में कचरा छिड़ने से रोका जा सकेगा और मानसूनी बारिशस के दौरान अधिक मात्रा में और शीघ्र जल निकासी हो सकेगी। सड़कों पर वर्षाजल नहीं रूकेगा।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक

**सागर।** मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन और जलीय पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में जिले की सभी नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट ( मछली पकड़ना) पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दिया। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में अधिघोषित किया गया है।

### श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ जिनालय धाम नवीन मंदिर ले रहा अंतिम रूप

# घर-घर पहुंचे भगवान, जैन समाज में खुशी की लहर, 16 से 22 तक प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के छत्री नाका चौराहा स्थित श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ जिनालय धाम नवीन मंदिर का निर्माण अब अपना अंतिम रूप ले रहा है। उक्त मंदिर राष्ट्रसंत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज के निर्देषन व सांदिध्य में 40 वाए 60 में निर्मित इस मंदिर की मूर्तियो की प्रतिष्ठा बजरंगगढ गुना में 16 जून से 22 जून के मध्य सम्पन्न होगी। मंदिर में मूल नायक श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ,श्री 1008 आदिनाथ भगबान,श्री 1008 कुथुंनाथ भगवान,श्री 1008 शांतिनाथ भगवान,श्री 1008 भरत भगवान जी,श्री 1008 बाहुबली भगवान जी की प्रतिमा विराजमान होगी।

#### घर-घर पहुंचे भगवान

छत्री जैन मंदिर में भगवान प्रतिष्ठा के रूप श्रद्धालु बडे धूमधाम से भगवान श्री अपने अपने घर पर विराजमान कर रहें है। प्रत्येक घर में भगवान के आगमन को लेकर जैन सामुदाय में एक अलग ही खुषी नजर आ रही है। साथ ही जैन समाज अपने काम धंधे छोडकर भगवान के आगमन की तैयारियो में पूरी तरह जुट गए है। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य राष्ट्रसंत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अजित सागर जी महाराज मंगल आशीर्वाद से श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ जिनालय धाम छतरी नाका मंदिर का निर्माण कार्य लगभग 1 साल में पूरा हुआ और शीघ्र अति शीघ्र ही मंदिर जी में भगवान जी के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी पूर्ण होगा। इस मंदिर में मूल नायक भगवान श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ भगवान को विराजमान करने का सोभाग्य श्रेष्ठी परिवार चंद्रकांत सूर्यकांत, रविकांत, अनुराग,अंकुर देश आलेख शाश्वत अर्थ शनिचरा परिवार को प्राप्त हुआ है। इस के साथ श्री 1008 कुथुंनाथ भगवान जी को विराजमान करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी सुभाष चंद,संदीप कुमार,सौरभ कुमार जैन विजयराज परिवार,श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी विनोद कुमार,अभय कुमार,समयक जैन दाल मिल परिवार, श्री 1008 भरत भगवान जी को विराजमान करने का सोभाग्य श्रावक श्रेष्ठी संतोष कुमार,सचिन कुमार नायक परिवार,श्री 1008 बाहुबली भगवान जी को विराजमान करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी देवेंद्र कुमार,आदित्य कुमार भूपत परिवार चार छोटी प्रतिमा विराजमान करने का पुण्यार्जक परिवार,श्री 1008 आदिनाथ भगवान जी कैलाश,सोनू बाड़ी परिवार,श्री 1008 शांतिनाथ भगवान जी सुनील कुमार,राहुल,अतुल जैन समस्त भूपत परिवार, विजय कुमार,अमित कुमार,अंकित कुमार जैन भौरिया परिवार,श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान सुरेश सिंह,अजय कुमार जैन इंजीनियर परिवार को प्राप्त हुआ।

### मुनिश्री सुधा सागर के आशीर्वाद से धर्म की लड़ाई में विजय प्राप्त कर रहे हुकुम काका

## जैन धर्म,तीर्थ क्षेत्र व साधु-संतों की रक्षा के लिए काका का आईजा ने किया अभिनंदन

**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएषन आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,भोपाल संभागीय अध्यक्ष सौरभ जैन ने गुना बजरंगगढ में विराजमान राष्ट्रसंत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज के समक्ष जैन समाज के राष्ट्रीय नेता हुकुम काका का आईजा ने नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेष अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी कहा कि हुकुम काका देव शास्त्र गुरु के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं चंद्रोदय महातीर्थ चांदखेडी को उन्होंने तन मन धन तीनो से सींचा है। हुकुम काका ने हमेशा जैन धर्म और जिनायतन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होने हमेषा तीर्थ क्षेत्र जैन धर्म व साधु संतो की रक्षा के लिए आरपार की लडाई लडी है। इतना ही नही धार्मिक क्षेत्र में ऐसे कार्य किए है जो कि आजतक अन्य कोई नेताओं ने नही किए है। हुकुम काका जैन धर्म के उत्थान और तीर्थ क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए एक मुखर आवाज़ रहे हैं। समाज के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण को देखते हुए ही मुनिपुंगवश्री सुधा सागर जी महाराज ने उन्हें तीर्थ रक्षक सेनानी की उपाधि से सम्मानित किया है।





### मार्गदर्शन के बाद...

## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर शिक्षक सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल पथरिया के शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर छटवे दिवस की कार्यशाला को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घटवार प्राचार्य भवानी सिंह रघुवंशी, शासकीय हाई स्कूल गुलाबगंज प्राचार्य नरेंद्र सिंह सेंगर, जन शिक्षक भगत सिंह रघुवंषी, माध्यमिक शिक्षक भूपत सिंह रघुवंषी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण में अंग्रेजी, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय को पढ़ना के शिक्षक कौशलों के विषय में बारीकी से बताया गया। वास्तव में शिक्षक कभी भी अपने शैक्षणिक कार्य से रिटायर्ड नहीं होता वह निरंतर कुछ ना कुछ सीखता रहता है शिक्षा का दान वह दान है जिसको देने पर भी सम्मान प्राप्त होता है। शिक्षक अध्यापक एवं गुरु तीनों में अंतर है तीनों का अपना-अपना अलग महत्व है उस महत्व को समझते हुए अपना शैक्षणिक कार्य ईमानदारी से करते रहें।

समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्राचार्य द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। साथ ही उपस्थित समस्त स्टाफ का सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया गया एवं नवीन शिक्षक/शिक्षिकाओं को ड्रेस कोड वितरण किया गया।

## जनकल्याण शिविर में दूसरे दिन प्राप्त हुए 538 आवेदन

### 233 को मौके पर किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासन स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार 12 से 14 जून तक जनकल्याण शिविर अंतर्गत अनुभाग सिरोंज मे शनिवार को दूसरे दिन जन कल्याण शिविर का आयोजन सुहाग गार्डन मे आयोजित किया गया। शिविर मे ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से बडी संख्या मे आमजन द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से विभागीय अधिकारी/कर्मचारियो तथा जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस मौके पर आयोजित जनकल्याण शिविर मे सभी विभागों के 538 आवेदन प्राप्त हुए, जिन मे से 233 आवेदन का संबंधित विभागों निराकरण किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण करके संबंधित आवेदन कर्ता को भी सूचित करने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को आदेशित किया गया।

### भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय दो दिवसीय सागर प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेत्री सरोज पाण्डेय 13 एवं 14 जून को दो दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगी। उनका यह प्रवास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं अभियान टोली जिला संयोजक जगन्नाथ गुरैया ने कार्यक्रम प्रभारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह अभियान उन ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय का सागर प्रवास कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी रहेगा तथा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## दिव्य देवीलोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से 24 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढाकोटा

सागर जिले के धार्मिक एवं ऐतिहासिक सिद्ध क्षेत्र पटेरिया स्थित श्री देव जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रांगण, पटेरिया धाम में दिव्य देवीलोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 जून से 24 जून तक एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 जून से 30 जून तक आयोजित की जा रही है। आयोजन पुण्यार्जक पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव विधायक ने बताया कि श्रीविद्या अधिष्ठात्री माँ ललिता महात्रिपुरसुंदरी राजराजेश्वरी नित्य निवास दिव्य देवी लोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव तथा सप्तदिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पावन अवसर पर आयोजित धर्ममय महोत्सव में आप सभी श्रद्धालु, धर्मप्रेमी एवं क्षेत्रवासियों को सपरिवार सादर आमंत्रित किया जाता है। दिव्य देवीलोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 जून से 24 जून तक पंडित श्री चंद्रकांत शास्त्री बरारू वाले एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा, कथा व्यास स्वामी श्री रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज करेंगे।

कार्यक्रम 17 जून बुधवार को श्री गणेश संस्कृत विद्यालय के बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार, 18 जून गुरुवार को प्रायश्चित स्नान जल यात्रा, पूजन एवं जलाधिवास, 19 जून शुक्रवार अग्नि स्थापन हवन प्रारंभ अन्नाधिवास, घृताधिवास, 20 जून शनिवार गंधाधिवास, धूपाधिवास, वस्त्राधिवास, फलाधिवास मिष्ठान्नाधिवास, 21 जून रविवार को औषध्याधिवास पुष्पाधिवास, 22जून सोमवार को देवस्नपन, सहस्त्र धाराभिषेक, 23 जून को मंगलवार को शैयाधिवास, प्रसादाधिवास होगा।

### लोक कल्याण मेला में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की गई कार्रवाई

**सागर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक हितग्राहियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सागर द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय लोक कल्याण मेला विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारतीय जीवन बीमा निगम बीमा सखी योजना प्रारंभ की जिसमें एल आई सी एजेंट की तरह महिलाओं को प्रतिमाह 2 पालिसी विक्रय करना होती हैं और सरकार द्वारा 9 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। अभी तक देश में ढाई लाख बीमा सखी बन चुकी हैं जो नारी की दिशा में बहुत ही अच्छी योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन लोगों को अभी तक अपना पक्का आवास निर्माण कराने के लिये लाभ नहीं मिला है वे लोग ऑनलाईन आवेदन करें और इस कार्य के लिये किसी भी व्यक्ति को पैसा न दें ऑनलाईन सेंटर पर जो दस्तावेज मांगे जावे उनकी पूर्ति करें जिससे आसानी से ढाई लाख रूपये राशि का लाभ मिल सकें। उन्होने कहा कि हम लोगों ने शहर में 1200 ऐसे कच्चे मकान चिन्हित किये थे जिनकों पी.एम.आवास योजना का लाभ नहीं मिला था लेकिन नगर निगम के प्रयासों से अब ऐसे कच्चे मकानों की संख्या घट गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग बी.पी.एल.नीला राशन कार्ड के लिये पात्र नहीं और उसका गलत तरीके से लाभ ले रहे हैं ऐसे लोगों की शिकायत करें। शिविर में उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुये उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याण कारी जो भी योजनायें है, अगर पात्र व्यक्ति उन योजनाओं के लाभ से वंचित है तो इस लोक कल्याण मेला में आवेदन करें जिससे शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकें।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले को इस यात्रा के लिए 196 यात्रियों का आवंटन प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई निर्धारित की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, श्रीमती सिद्धि श्रीवास्तव, पति स्वर्गीय श्री गोपाल सहाय श्रीवास्तव, निवासी वार्ड क्रमांक 27 (पूर्व में वार्ड क्रमांक 34), दुर्गा नगर मेन रोड, विदिशा, मध्य प्रदेश, द्वारा यह सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि मैंने शपथपत्र के माध्यम से अपना नाम "सिद्धि श्रीवास्तव" से परिवर्तित कर "सिद्धिदात्री श्रीवास्तव" रख लिया है। अतः आज की तिथि से मुझे मेरे नए नाम "सिद्धिदात्री श्रीवास्तव" से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाए। भविष्य में मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, शैक्षणिक, विधिक एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम "सिद्धिदात्री श्रीवास्तव" अंकित किया जाए।

पुराना नाम : सिद्धि श्रीवास्तव
नया नाम : सिद्धिदात्री श्रीवास्तव

### कर्रापुर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ, कमिश्नर, कलेक्टर हुए शामिल

# जनकल्याण शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया हितलाभों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



सागर जिले में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनकल्याण शिविरों के आयोजन की श्रृंखला में आज सागर जिले की नगर पालिका कर्रापुर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जनकल्याण शिविर का शुभारंभ कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने कहा कि इस जनकल्याण शिविर में समस्याओं तथा केंद्र एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के प्रकरणों का निराकरण नियत समय-सीमा में किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि उपस्थित सभी हितग्राही अपनी-अपनी पात्रता के अनुसार शिविर में लगाए गए विभागों के स्टॉलों पर अपना आवेदन दें। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रशासन आपके समक्ष उपस्थित हुआ है। आज इस शिविर के माध्यम से आप सभी लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि समस्त हितग्राही अधिक से अधिक संख्या में शिविर में सहभागी हों। आपके और अधिकारियों के सहयोग से यह जनकल्याण शिविर सफल होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनकल्याण शिविर कर्रापुर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस जनकल्याण शिविर में सभी विभाग एक साथ एक ही स्थान पर आए हैं। आमजन इस जनकल्याण शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि जो भी हितग्राही जिस भी योजना के लिए पात्रता रखता हो, वह उस योजना का लाभ अवश्य ले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संबल कार्डधारी एवं असंगठित श्रमिकों की वृद्धावस्था और सामाजिक सुरक्षा के लिए बनाई गई एक सरकारी योजना है। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा मासिक आय 15,000 रुपये तक होना चाहिए। इस योजना के माध्यम से 3,000 रुपये प्रति माह की पेंशन सुनिश्चित की जाती है।

जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नागरिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जनकल्याण शिविर में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। इसमें मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राही राम नारायण सिंह दांगी, भूपेन्द्र सिंह लोधी, भरत सिंह पटैल एवं राकेश सिंह को दो-दो लाख रुपये की राशि मुहैया कराने के आदेश-पत्र वितरित किए गए।

वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत अजब सिंह दांगी को 15,000 रुपये, रजनेश सेन को 15,000 रुपये, रुपेश सेन को 25,000 रुपये, नीतेश चौबे को 25,000 रुपये, राजाबाबू ठाकुर को 25,000 रुपये तथा प्रदीप राठौर को 15,000 रुपये का बैंक ऋण प्रदान किया गया। इसी प्रकार शालिनी सोनी का कर्मकार कार्ड स्वीकृत किया गया। कर्रापुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में गणेश पिता हरिराम चौरसिया, सोनू पिता प्रकाश नामदेव एवं पवन पिता कंछेदी को पट्टा वितरित किया गया। ग्राम कर्रापुर के यक्षराज ठाकुर, राजकुमारी शुक्ला, मंजूषा सोनी, निवेदिता श्रीवास्तव सहित अन्य हितग्राहियों को विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

जनकल्याण शिविर में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी., अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर अमन मिश्रा, तहसीलदार राहुल गौंड, नगर पालिका अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

BETWANCHAL
GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA | BBA | BA | BSC | B.COM | ITI | B.Pharma | D.Pharma
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

ADMISSION OPEN 2026-27
UGC Approved MP GOVT Universities Degree
CIIT COLLEGE
College Code-3901

Be a FASHION DESIGNER
अब करे डिज़ाइन डिग्री
25% डिस्काउंट फीस पर
Limited Time Offer
B.Design in Fashion Designing 4 Year | After 12th (Any)
Certificate in Fashion Designing 1 Year | After 12th (Any)
BFA in Painting 4 Year | After 12th (Any)
Contact us 9667686200
Follow us on
Visit our website www.ciitcollege.in

## खबर संक्षेप

### कच्चे घर से पक्के आशियाने तक का सफर

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रकवि पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मस्थली माखननगर जनपद पंचायत जिला नर्मदापुरम के छोटे से ग्राम जावली में निवासरत अजयपाल आत्मज जियालाल के परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान साबित हुई है। 3 पुत्रियों और 2 पुत्रों के साथ कच्चे मकान में रह रहे अजयपाल का जीवन अब पूरी तरह बदल गया है।

### 3 निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 03 निर्माण कार्यों के लिए 06 लाख 20 हजार 474 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रं 12 हिंगलाज कालोनी में सार्वजनिक स्थान पर पेवर ब्लॉक के लिए 03 लाख 86 हजार 230 रूपये की स्वीकृति जारी की गई है।

### रथयात्रा की तैयारी में जुटे भक्त, आमंत्रण जारी

**नर्मदापुरम।** आगामी दिनों भगवान जगन्नाथ प्रभु रथ यात्रा को लेकर इस्कान मंदिर द्वारा लगातार पांचवी बार विशाल आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस आयोजन को लेकर इस्कान मंदिर के भक्त घर घर जाकर रथयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन संचालित कर रहा जनसहभागिता अभियान

# सीड बॉल निर्माण अभियान से हरित आवरण बढ़ाने के लिए अनूठी पहल

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर महोदय के निर्देशन में "सीड बॉल निर्माण अभियान" संचालित किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर के निर्देशन में "सीड बॉल निर्माण अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधों के प्राकृतिक अंकुरण को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनीमालवा में प्रभारी परियोजना अधिकारी सुचित्रा राजावत के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के अवकाश काल के दौरान सभी सेक्टरों के विभिन्न ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सीड बॉल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।



### महिलाओं और बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता

अभियान में ग्राम की महिलाओं, आंगनवाड़ी बच्चों, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इस पहल से न केवल हरित आवरण बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जनसहभागिता को भी मजबूत करेगी, आगामी समय में पर्यावरण को बचाने का कार्य करने हेतु यह आवश्यक भी है ।

### वैज्ञानिक पद्धति से तैयार की सीड बॉल

सीड बॉल निर्माण के लिए पांच भाग मिट्टी एवं तीन भाग खाद (कम्पोस्ट) को मिलाकर उसमें आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटे जैसी संरचना तैयार की जा रही है। इसके बाद ग्रामों में विभिन्न स्थानों से एकत्रित किए गए उपयोगी, छायादार एवं फलदार वृक्षों जैसे आम, नीम, जामुन, सहजन, बेर तथा पीपल के बीजों को इस मिश्रण की लोइयों के भीतर रखकर चारों ओर से लगभग डेढ़ से दो इंच मोटी परत से ढंक दिया जाता है।

### वर्षा के साथ होगा अंकुरण

निर्मित सीड बॉल को दो से तीन दिनों तक छायादार स्थान पर सुखाने के बाद परती एवं अनुपयोगी भूमि पर बिखेरा जाएगा। वर्षा ऋतु में नमी एवं पानी के संपर्क में आने पर इनमें मौजूद बीज स्वतः अंकुरित होकर पौधों का रूप धारण करेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर देशी प्रजातियों के वृक्षों की संख्या बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को नई गति मिलेगी।

# सरपंच प्रशिक्षण महाअभियान शिविर का किया आयोजन

जीपीडीपी सहित विभिन्न विषयों पर हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की लगभग 25 ग्राम पंचायतों के सरपंच को प्रशिक्षण दिया गया।जब पंचायतों को एक दृष्टि में 6 माह बचें है,तब प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन जनपद पंचायत के सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण देने के लिए संजय गांधी संस्थान पचमढ़ी से अंजलि मेहरा के द्वारा संबंधित सभी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जी पी डी पी के अलावा अन्य सभी विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी दी गई। वर्तमान समय में सभी में भरपूर मात्रा में राशि स्वीकृत नहीं हो पा रही है। फिर भी सरपंच काम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। यह बात सही है कि विधायक ठाकुरदास नागवंशी की निधि से सड़क मार्ग नाली चबूतरे सहित अनेक विषयों पर राशि स्वीकृत किए गए हैं।

### विभिन्न पंचायत के सरपंच हुए उपस्थति

प्रशिक्षण महाअभियान मे सहभागी बने खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच, जीवन सिंह सरपंच जमा ड़ा प्रशांत ठाकुर सुरेवाला, खूबचंद रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि वनवारि कमल बान सरपंच मोकलबाडा हरभजन सिंह सरपंच धनाश्री सहित अन्य रिछैडा सिंगोड़ी सेमरी तला सहित अन्य सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पानी की हुई परेशानी

सरपंच जनों ने बताया कि शासन द्वारा विगत वर्षों से प्रशिक्षण के लिए पानी चाय नाश्ता भोजन के लिए भी राशि दी जाती है। लेकिन उसके बाद भी पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सुबह से बुलाया गया था।और हल्का नाश्ता करने देने के बाद समाप्त कर दिया गया। सरपंच जनों ने कहा कि पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं की गई थी। अंजलि मेहरा ने बताया कि ठंडा पानी के लिए मक्का भरवाकर रखवा दिया गया था, लेकिन पानी का किसी ने उपयोग नहीं किया गया।

# नगर मंडल अध्यक्ष ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र के भाजपा के लगातार दुसरी बार बने नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर का जन्म दिवस पर एक ब्रक्ष लगाया गया। मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने लगभग 10 पेड] लगाकर मनाया जाता है, तथा वृद्ध आश्रम में फलों का वितरण किया गया। भाजपा कार्यालय में भी जन्म दिन मनाया। नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल सभी अपनीओर से बधाई शुभकामनाएं दी।

# सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र बिजली विभाग में अभी भी जारी रोजाना की ट्रिपिंग, नागरिक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र सहित मुख्यालय के नागरिक लंबेसमय से बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। नागरिकों ने बिजली कंपनी सहित प्रशासन व शासन पक्ष से समस्या समाधान की अपेक्षा की है।

उल्लेखनीय है कि गत एक मास से ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। दिन में कई-कई बार बिजली की ट्रिपिंग होती है। जिसके कारण नागरिकों को गर्मी में बहुत परेशान होना पड़ता है। शुक्रवार को भी नगर क्षेत्र के शास्त्री वार्ड फीडर में ट्रिपिंग हुई तथा फीडर से बिजली वितरण कुछ देर भंद किया गया।

### वार्डो में जारी परेशानी

गांधी वार्ड में फेस की परेशानी हे



बिजली वितरण बाधित रहा। क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज के पास भी बिजली वितरण बाधित हुआ। इसके पहले गुरुवार की रात भी शहर के कुछ क्षेत्रों में ट्रिपिंग से बिजली वितरण बाधित रहा। मातापुरा वार्ड स्थित खेड़ापति मंदिर के ट्रांसफॉर्मर की केबल रात में खराब हुई, जिसका सुधार दिन में किया गया। परेशान नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि समूची बिजली वितरण व्यवस्था का सुधार कराएं।

# पंचायती राज में बूंद-बूंद को तरसे लोग, नल-जल विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौनकला सिमारामे लोग बूंद-बूंद पानी पीने के लिए तरह रहे हैं। लेकिन नल जल योजना कहीं भी सफल नहीं हो रही है। अक्सर पंचायत के सरपंच सचिव ने अपनी सेवा शुल्क लेकर पंचायत ने अपने कब्जे में ले लिया गया है। पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा सप्लाई कि जा रही है।इस तरह से तरौनकला पंचायत में लगभग एक सप्ताह से नल जल योजना की टंकी खाली पड़ी है नाहरबाडा रोड पर पानी नहीं पहुंच रहा है। अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है।साफ सफाई के नाम पर राशि ही निकाली जा रही है। पीने का पानी सुबह बोड़ना मार्ग पर एक पटेल के खेत



के नलकूप से पानी पीने के लिए भर रहे हैं।इस बारे में सचिव प्रेमनारायण सराठे ने बताया कि टंकी भरने लगी है। जहां पानी पीने को नहीं पहुंचे वहां पर टेंकर से सप्लाई कि जा रही है।शेष जगह नल जल योजना से पानी पीने के लिए भेजा जा रहा है। मोटर भी ठीक हो गई है। सरपंच रुक्मणी बाई ने बताया कि कुछ दिन पहले पानी के लिए परेशानी हो रही थी। लेकिन अब सबको पानी मिल रहा है।

### जनपद पंचायत में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**नर्मदापुरम ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत नर्मदापुरम में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम रंजीत ताराम के नेतृत्व में किया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। शासन द्वारा 12 से 18 जून 2026 तक विशेष जनकल्याण शिविर आयोजित कर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचातय नर्मदापुरम में शिविर 12, 13 एवं 15 जून को लगेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस के मध्य मप्र सरकार द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुरी

विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस के मध्य जन कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मप्र सरकार द्वारा तीन दिवसीय शिविर सभी ब्लॉक्स में संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोहागपुर का शिविर शुक्रवार से शुरू हुआ है।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 9-01 दिनांक 02 जून 2026 के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 05 जून 2026 से 21 जून 2026 के मध्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त जन कल्याण शिविर जनपद एवं नगरीय निकायवार लगाए जाने हैं। जिसके अनुसार सोहागपुर में 12 जून से 15 जून 2026 की अवधि में शिविर लग रहा है।

शुक्रवार का शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, सीईओ प्रबल अरजरिया, बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर व सभी विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ है। शिविर के प्रथम दिवस शुक्रवार को लगभग लोगों के पंजीयन ब्लॉक स्तर पर सभी विभागों के काउंटर्स पर किये गए हैं। शिविर का समापन सोमवार 15 जून 2026 को होगा। रविवार 24 जून को शिविर नहीं लगेगा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी केंद्र स्थापित किये जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रत्येक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तैयार करेगी सीड बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत भवन नया चूरना में संगोष्ठी तथा सेक्टर बैठक में नीतिराजसिंह यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति से जुड़ाव हेतु सेक्टर 04 की प्रत्येक ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां 400-400 सीट बाल तैयार करेगी नर्सरी निर्माण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।सभी का आभार नया चूरना सरपंच प्रतिनिधि मुकेश यादव ने किया।इस अवसर पर मनीष चतुर्वेदी, सुरेश




यादव, हर्ष तिवारी,हरीश नामदेव, मोनू मांझी, राकेश कीर, मनीष यादव, मुकेश यादव, संतोष मवासी, रोशन, प्रदीप दीवान धुर्वे, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव,सतीश यादव, रुपेश यादव, गेंदालाल यादव,शुभम गोस्वामी उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था पर फिर गरजी कांग्रेस सात दिन की चेतावनी, लोग बोले-आंदोलन होगा या नहीं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस एक बार फिर मुखर हुई है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कचरा न उठने और सफाई व्यवस्था चरमराने के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए सात दिन में सुधार नहीं होने पर नगरपालिका कार्यालय के सामने कचरा डालने की चेतावनी दी है। हालांकि स्थानीय राजनीतिक गलियारों और आम नागरिकों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि कांग्रेस हर बार किसी मुद्दे को लेकर आंदोलन की शुरुआत तो करती है, लेकिन चेतावनी देने के बाद अक्सर वह मुद्दा पीछे छूट जाता है।

### सफाई व्यवस्था पर ज्ञापन, दी चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष अजय पटेल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुदेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर एवं नगर पालिका सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नगर पालिका कार्यालय में अकाउंटेंट महेंद्र परिहार को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर के कई वार्डों में नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उठाया कचरा गाड़ियों और कर्मचारियों का मुद्दा

पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने कहा कि पिछले कई महीनों से अधिकांश वार्डों में ऑटो कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण समय पर कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि खराब पड़ी सभी ऑटो कचरा गाड़ियों को तत्काल सुधारकर पुनः संचालन में लाया जाए। साथ ही सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और उनका वेतन समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### मुद्दे पर राजनीति या जनहित? उठ रहे सवाल

हालांकि बीजेपी का कहना है कि सफाई व्यवस्था की समस्या कोई नई नहीं है। पिछले कई महीनों से शहर के विभिन्न वार्डों में गंदगी और कचरा संग्रहण की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसके बावजूद विपक्ष की ओर से कोई लगातार जनआंदोलन या नियमित फॉलोअप नहीं दिखाई दिया।

अनुपस्थित मिले रेडियोग्राफर, एक दिवस का वेतन काटने के दिए निर्देश

# एसडीएम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भलावी ने शुक्रवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही ज़रूरत अनुसार सुधार के निर्देश भी एसडीएम ने दिये हैं।

### दिये निर्देश, प्रतिदिन हो साफ सफाई

एसडीएम द्वारा प्रसूति वार्ड के निरीक्षण दौरान वहां साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। जिस पर भलावी ने बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर को तत्काल साफ-सफाई कराने तथा व नियमित ही उक्त व्यवस्था को जारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में प्रतिदिन तीन बार सफाई हो। एसडीएम भलावी ने अस्पताल में



कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सार्थक ऐप पर दर्ज विगत 10 दिवसों की उपस्थिति का भी परीक्षण किया तथा कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। उन्होंने मरीजों व उनके परिजनों से भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा की।

### बंद था रेडियोग्राफर कक्ष

अस्पताल परिसर के भ्रमण के दौरान रेडियोग्राफर कक्ष तत्समय पर संचालित नहीं पाया गया। रेडियोग्राफर रज्जू पाल तथा अजय वास्कले अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद दोनों ही कर्मचारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने के लिये भलावी ने बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर को निर्देश दिये हैं। एसडीएम ने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, समय पालन सुनिश्चित करने एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित नागरिकों तथा मरीजों के परिजनों ने भलावी से कहा कि सोहागपुर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। इसे दूर करने का प्रयास एसडीएम अपने स्तर पर करें।



### शिशुओं को दुलारा

एसडीएम प्रियंका भलावी ने प्रसूति गृह में भर्ती गर्भवती महिलाओं सहित प्रसूताओं से भेंट की। तथा उन सभी से भलावी ने पूछा कि कोई परेशानी तो नहीं है। उन्होंने वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं को गोद में लेकर दुलार भी किया।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने किया नाले का निरीक्षण, सफाई कर्मियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में स्थित नारायण नगर नाले का निरीक्षण किया गया था। जहां भारी मात्रा नाले में ऊगी झाड़ियों से पानी के बहाव में रुकावट आ रही थी। नाला गहरा होने के कारण छोटी पोकलेन चल नहीं पा रही है। उन्होंने नगरपालिका की स्वच्छता टीम को निर्देशित कर बड़ी पोकलेन की व्यवस्था कर नाले की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण



के दौरान पार्षद सभापति महिमा रोहित गौर, सुरेश श्रीवास और राहुल चौरे भी उपस्थित थे।

स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में वर्षा पूर्व बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान जारी है। साथ ही नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है।

शुक्रवार को नपाध्यक्ष यादव द्वारा नारायण नाले में चल रही बड़ी पोकलेन के कार्य का निरीक्षण किया। नाले में जमा गाद को भी निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी के बहाव का भी जायजा लिया। साथ ही आसपास के लोगों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह का कचरा नाले नालियों में न डालें।